राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
योजना भवन तिलक मार्ग,जयपुर

क्रमांकः–एफ.13/1/3/वेब पो./2023/ 151 दिनांकः– 26-2-2024

जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
उप/सहायक निदेशक
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
समस्त।

विषयः– लीगेसी जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्रों को डिजिलॉकर में उपलब्ध करने की सुविधा बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पहचान पोर्टल से जारी प्रमाण पत्रों की पंजीकरण संख्या राज्य में यूनिक होती है, परन्तु लीगेसी प्रमाणपत्रों की पंजीकरण संख्या यूनिक नहीं होने के कारण पहचान पोर्टल से जारी जन्म–मृत्यु एवं विवाह के लीगेसी प्रमाण पत्र डिजिलॉकर में उपलब्ध नही होते थे क्योंकि उक्त पंजीकरण संख्या से राज्य में अनेक प्रमाण पत्र होते है।

इस समस्याँ के समाधान एवं आमजन की सुविधा हेतु लिगेसी जन्म–मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्रों को डिजिलॉकर में उपलब्ध करवाने के लिये, पहचान पोर्टल एवं डिजिलॉकर इंटीग्रेशन में संशोधन किया गया है। अब आमजन को लिगेसी पंजीकरण संख्या के साथ, पंजीकरण में उपलब्ध मोबाईल नम्बर देना होगा (Formate: RegistrationNo#MobileNo) जिससे लीगेसी प्रमाण पत्र भी डिजिलॉकर में उपलब्ध हो सकेंगें। यदि मोबाईल नम्बर पंजीकरण में उपलब्ध नहीं है तो पहचान पोर्टल पर उपलब्ध विकल्प से मोबाईल नम्बर को जोड़ा जा सकता है। वर्ष 2014 के बाद पहचान पोर्टल से जारी प्रमाण पत्र जिनकी पंजीकरण संख्या यूनिक है वह पहले की तरह बिना मोबाईल नम्बर के भी डिजिलॉकर में उपलब्ध होते रहेंगें।

अतः इस सुविधा का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं समस्त रजिस्ट्रार/उपरजिस्ट्रार/ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों को अवगत करावें ताकि आमजन को इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकें।

(भंवर लाल बैरवा)
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः–एफ.13/1/3/वेब पो./2023/ दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) ग्रेटर/हेरिटेज, नगर निगम, जयपुर।

Signature valid
Digitally signed by Bhanwar Lal Bairwa
Designation : Director and Joint Secretary
Date: 2024.02.23 1?:27:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
5787665